# University in News on 11 May 2022

## JAGRAN CITY PAGE III

# राजकीय व एडेड कालेज ही बनेंगे बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों की सूची लगभग तय कर दी है। लखनऊ सहित पांच जिलों को मिलाकर करीब 112 कालेजों को परीक्षा केंद्र की सूची में प्रस्तावित किया गया है। इनमें लखनऊ के करीब 74 केंद्र शामिल हैं। खास बात यह है कि प्रवेश परीक्षा के लिए सिर्फ राजकीय व सहायता प्राप्त कालेजों को ही शामिल किया गया है। जल्द ही सूची फाइनल करके महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन को भेजी जाएगी।

इस बार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली कराएगा। छह जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय से भी परीक्षा केंद्रों की सूची मांगी गई है। विश्वविद्यालय के बीएड प्रवेश परीक्षा के कोआर्डिनेटर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि केंद्रों की सूची लगभग तैयार है। लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली के राजकीय व अनुदानित कालेजों को ही शामिल किया गया है।

### बीसीए में प्रवेश के लिए 12वीं के कई विषय शामिल

लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने बैचलर आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए तय पात्रता मापदंड में कंप्यूटर साइंस से संबंधित कई विषयों को शामिल कर लिया है। मंगलवार को प्रवेश सेल की ओर से इसका विस्तृत विवरण जारी किया गया। अब आइटी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इंफार्मेशन प्रैक्टिसस, इंफार्मेशन टेक्नोलाजी इनेबल सर्विसेस (आइटीईएस), कंप्यूटर टेक्नोलाजी एंड मेंटेनेंस विषय से 12वीं करने वाले भी आवेदन कर सकेंगे। आवेदन का अंतिम मौका 31 मई तक है।

## PIONEER PAGE 3

# बीएड प्रवेश परीक्षा में बनेंगे 112 परीक्षा केन्द्र

**लखनऊ।** रूहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा कराई जा रही संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2022-2024 को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। विवि की तरफ से इसके लिए लखनऊ सहित पांच जिलों को मिलाकर करीब 112 कालेजों को परीक्षा केंद्र की सूची में प्रस्तावित किया गया है। इनमें लखनऊ के करीब 74 केंद्र शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों में सिर्फ राजकीय व सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को ही शामिल किया गया है। विवि की तरफ से प्रस्तावित केन्द्रों की सूची जल्द ही रूहेलखंड विश्वविद्यालय को भेज दी जायेगी। विश्वविद्यालय के बीएड प्रवेश परीक्षा के कोआर्डिनेटर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि केंद्रों की सूची लगभग तैयार है। लखनऊ, हरदोइ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और रायबरेली में राजकीय व अनुदानित कालेजों को ही शामिल किया गया है।

## HINDUSTAN PAGE 6

# कलाकृतियां बनाने में जुटे शिक्षक और छात्र

**लखनऊ।** कला एवं शिल्प महाविद्यालय में जारी अर्थ वर्क कार्यशाला के दूसरे दिन शिक्षक और छात्रों ने समूह बनाकर कलाकृतियों का निर्माण शुरू किया। कलाकृतियों के निर्माण के लिए कार्यशाला में कुल पांच अलग-अलग समूह बनाए गए हैं। शिक्षक और छात्रों से मिलकर बने समूहों ने कलाकृतियों का निर्माण शुरू कर दिया है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि में लगी फोटो प्रदर्शनी

**लखनऊ।** लविवि के मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग ने '1857 का महान विद्रोह' विषय पर एक फोटो प्रदर्शनी लगाई। इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। इसमें डीन आर्ट्स प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, प्रो. मधु राजपूत, डॉ. शमा महमूद आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)